# सर्वशक्तिवान परमात्मा से अपने में शक्तियां भरने का तरीका

मनुष्य जीवन केवल भौतिक सुख-सुविधाओं तक ही सीमित नहीं है। इसका वास्तविक उद्देश्य आत्मा को जाग्रत कर, सर्वशक्तिवान परमात्मा से सीधा संबंध जोड़ना है। जब हम परमात्मा से जुड़ते हैं तभी हमारे भीतर दिव्य शक्तियों का प्रवाह होता है। यह शक्तियां न केवल जीवन की कठिनाइयों से उबरने में मदद करती है, बल्कि हमें पवित्र, संतुलित और स्थिर भी बनाती हैं।

## आत्म-चेतना की पहचान


सबसे पहले यह समझना आवश्यक है कि मैं केवल शरीर नहीं, बल्कि एक शक्तिशाली आत्मा हूँ। आत्मा ही सच्चा 'मैं' है और यह परमात्मा की संतान है। जब हम वास्तविक स्वरूप को पहचान लेते है तो हमारे भीतर एक नई ऊर्जा जाग्रत होती है। यह आत्म-चेतना परमात्मा की ओर ले जाती है।

## परमात्मा से संबंध(योग)

योग- आसन, प्राणायाम नहीं है बल्कि आत्मा और परमात्मा का मिलन है। मौन- मन से परमात्मा को स्मरण करना, उन्हें सबसे प्यारे पिता, शिक्षक और साथी मानकर उनके साथ हृदय का संबंध जोड़ना ही सच्चा राजयोग है। जब आत्मा, परमात्मा की स्मृति में रहती है तो वह उनसे शक्तियां खींचती है।

## पवित्रता और संयम

परमात्मा पूर्ण रूप से पवित्र है यदि हमें उनसे शक्तियां लेनी है तो हमें अपने जीवन में पवित्रता और संयम को अपनाना आवश्यक है। अशुद्ध विचार और विकार आत्मा की शक्ति को क्षीण



कर देते हैं इसीलिए मन, वचन और कर्म में पवित्रता ही परमात्मा से जुड़ने का सच्चा आधार है।

## सेवा और शुभकामना

जब हम निःस्वार्थ भाव से दूसरों की सेवा करते हैं, शुभकामनाएं और शुभभावनाएं फैलाते हैं, तब आत्मा हल्की और शक्तिशाली बनती है। परमात्मा भी उन्हीं आत्माओं को अधिक शक्तियां प्रदान करते हैं जो उनके दिव्य गुणों को संसार में बांटते हैं।

## ध्यान और मन की एकाग्रता

आज की भागदौड़ भरी ज़िंदगी में मन अत्यधिक भटकता है। ध्यान व अटेन्शन द्वारा हम मन को स्थिर कर परमात्मा की स्मृति में लगा सकते हैं। नियमित अभ्यास से आत्मा की बैट्री चार्ज होती है और हम निरन्तर शक्ति का अनुभव करते हैं।

## विश्वास और समर्पण

परमात्मा पर अटूट विश्वास और आत्मा का पूर्ण समर्पण शक्ति प्राप्ति का सबसे बड़ा साधन है। जब हम यह मान लेते है कि सच्चा कर्ता-धर्ता वही है और हम केवल उनके निमित्त मात्र हैं, तब हमारे भीतर चिन्ता और भय समाप्त हो जाते हैं। यही स्थिति निर्भय और शक्तिशाली बनाती है। सर्वशक्तिवान परमात्मा से शक्तियां प्राप्त करना किसी जादू या चमत्कार से संभव नहीं है, बल्कि यह एक आन्तरिक साधना है। आत्म-चेतना, पवित्रता, योग, सेवा, ध्यान और समर्पण- इन साधनों से आत्मा, परमात्मा से जुड़कर अपार शक्तियां ग्रहण करती है। जब आत्मा, परमात्मा से शक्ति पाती है, तब जीवन सहज, संतुलित और सुखमय हो जाता है। यही मानव जीवन का सच्चा लक्ष्य है।



**नई दिल्ली।** भारत की महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को भगवान जगन्नाथ का दिव्य स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित करते हुए ब्रह्माकुमारीज़ के परिवहन एवं यात्रा प्रभाग की अध्यक्षा राजयोगिनी ब्र.कु. दिव्यप्रभा दीदी।



**लखनऊ-जानकीपुरम(उ.प्र.)।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से स्नेह मुलाकात कर ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए राजयोगिनी ब्र.कु. राधा एवं ब्र.कु. सुमन।



**नई दिल्ली-हरि नगर।** दिल्ली के साउथ ब्लॉक स्थित थल सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी के कार्यालय में उनसे स्नेह मुलाकात करने के पश्चात् ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए सुरक्षा प्रभाग की उपाध्यक्षा राजयोगिनी ब्र.कु. शुक्ला दीदी। साथ हैं ब्र.कु. सारिका, ब्र.कु. विनीता, सेवानिवृत्त वाइस एडमिरल सतीश कुमार नामदेव घोरमडे तथा अन्य ब्रह्माकुमार भाई।




**रूस-मॉस्को।** भारतीय दूतावास, रूसी संघ और रूस के प्रिमोर्स्की क्षेत्र के संस्कृति मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में व्लादिवोस्तोक स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास में आयोजित रूसी बाल कला प्रतियोगिता-'रामायण महाकाव्य से प्राचीन भारत की किंवदंतियाँ और मिथक' व 'समय और देशों को जोड़ना' कार्यक्रम आयोजित किए गए। तत्पश्चात् समूह चित्र में रूस के पूर्वी क्षेत्र में भारत के महावाणिज्यदूत सिद्धार्थ गौरव, लेखिका ब्र.कु. ओल्गा स्मिरनोवा, ब्र.कु. अल्ला सदोवनिका,व्लादिवोस्तोक केन्द्र समन्वयक तथा अन्य।



**नैनीताल-उत्तराखंड।** ब्रह्माकुमारीज़ के सिक्योरिटी सर्विसेज विंग(एस.एस. डब्ल्यू) के सिल्वर जुबली सेलिब्रेशन के अंतर्गत उत्तराखंड के हल्द्वानी क्षेत्र में आई.टी.बी.पी. की 34वीं बटालियन के सुरक्षा बलों के लिए 'सेल्फ एम्पॉवरमेंट' कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए सेवानिवृत्त कर्नल ब्र.कु. बीसी सती व ब्र.कु. नीलम। कार्यक्रम में ब्र.कु. कमल, ब्र.कु. ईश्वर, कॉमोडोर ब्र.कु. घोषाल,घोड़ाखाल, 21सी हेमंत कुमार तथा अन्य अधिकारियों के साथ-साथ सैनिकों की भी उपस्थिति रही।



**दिल्ली-छत्तरपुर।** माँ कात्यायनी मंदिर के मार्कंडे हॉल में साउथ दिल्ली के सभी ब्रह्माकुमारीज़ सेंटर के तत्वावधान में आयोजित संगठित योग भट्ठी कार्यक्रम में ओआरसी निदेशिका राजयोगिनी ब्र.कु. आशा दीदी, ब्र.कु. लक्ष्मी,छत्तरपुर, ब्र.कु. सुमित्रा,राजपुर खुर्द, ब्र.कु. आशा,खानपुर, ब्र.कु. अनीता, महरौली, ब्र.कु. गीता,श्री फोर्ट, ब्र.कु. सुंदरी,मालवीय नगर, ब्र.कु. सपना,लाजपत नगर, ब्र.कु.गिरिजा,लोधी रोड तथा अन्य ब्र.कु. भाई-बहनों की उपस्थिति रही।



**दक्षिण अफ्रीका-लागोस।** सेलबोर्न गोल्फ एस्टेट में ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान की अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी ब्र.कु. जयंती दीदी के साथ तीन दिवसीय राष्ट्रीय एकांतवास आध्यात्मिक समागम 'अपनी पूर्ण और परिपूर्ण अवस्था को स्वीकार करना: निराकार, अहंकारहीन और निर्विकार बनना' कार्यक्रम में उपस्थित भाई-बहनें।



**मॉस्को-रशिया।** मॉस्को के क्रेमलिन स्थित मानेज़ स्क्वायर में भारत और रूस के बीच सम्बन्धों को और मजबूत करने के लिए आयोजित नौ दिवसीय 'भारत उत्सव 2025' में सरल राजयोग ध्यान के सिद्धान्त और अभ्यास पर सभा को सम्बोधित करते हुए राजयोगिनी ब्र.कु. सुधा दीदी। कार्यक्रम में उपस्थित रहे मॉस्को सरकार और दिल्ली के मुख्य सचिव धर्मेन्द्र, नागालैंड के माननीय मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो, रूसी संघ में भारत के राजदूत महामहिम विनय कुमार।



**मिलपिटास-सिलिकॉन वैली(यूएसए)।** भारतीय महावाणिज्य दूतावास, सैन फ्रांसिस्को कार्यालय(सीजीआई), इंडिया कम्यूनिटी सेंटर(आईसीसी) और खाड़ी क्षेत्र के विभिन्न गैर-लाभकारी संगठनों द्वारा आयोजित कार्यक्रम के पश्चात् समूह चित्र में ब्र.कु. कुसुम तथा अन्य गणमान्य अतिथिगण।



**देहरादून-विकासनगर(उत्तराखंड)।** ब्रह्माकुमारीज़ सेवाकेन्द्र पर 'सर्व समस्याओं का समाधान- राजयोग' विषय पर आयोजित कार्यक्रम के पश्चात् पूर्व कैबिनेट मंत्री नवप्रभात शर्मा को ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए सबज़ोन प्रमुख महादेव नगर,गुजरात सेवाकेन्द्र संचालिका,कला एवं संस्कृति प्रभाग और युवा प्रभाग की अध्यक्षा राजयोगिनी ब्र.कु. चन्द्रिका दीदी। साथ हैं ब्र.कु. तारा।



**पलवल-रसूलपुर रोड(हरियाणा)।** हरियाणा सरकार खेल मंत्री,पलवल डिस्ट्रिक्ट विधायक गौरव गौतम से मुलाकात करने के पश्चात् समूह चित्र में ब्र.कु. राज दीदी, ब्र.कु. पिस्ता बहन, ब्र.कु. राजेन्द्र तथा अन्य।



**जयपुर-सोडाला(राज.)।** आध्यात्मिक कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ करते हुए ब्र.कु. निर्मला दीदी, ब्र.कु. स्नेह दीदी, ब्र.कु. राखी, विधायक गोपाल शर्मा, फिल्म अभिनेत्री शशि वर्मा, अनुकंपा चेयरमैन गोपाल प्रसाद गुप्ता, मॉडल एवं एंकर वर्षा मित्तल, डिप्टी कमिश्नर चारू शर्मा, डिप्टी कमिश्नर रितु मीणा, लाइफ स्टाइल कोच एवं सीनियर नेचुरोपैथी डॉ. भुवनेश माथुरिया तथा अन्य।



**भुवनेश्वर-ओडिशा।** 'समाज सेवा में नए आयाम' विषय पर आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ करते हुए ब्र.कु. गीता, ब्र.कु. ओंकार,माउंट आबू, कैलाश कानूनगो, रोटरी इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन यज्ञसिस महापात्रा तथा अन्य ब्रह्माकुमारी बहनें।